देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 90 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 4 जुलाई 2020

**विचार-प्रवाह...**'फेयर' शब्द हटाने का फैसला





मौसम — अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0°

36021.42

2 चीन पर कड़े प्रतिबंध लगाएगा अमेरिका

7 महेंद्र सिंह धोनी की कमी खलती है

## संक्षिप्त समाचार

### मिजोरम में भूकंप, 4.5 मापी गई तीव्रता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

आईजोल। मिजोरम में शुक्रवार दोपहर 14:35 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.6 मापी गई है। हालांकि भूकंप के कारण अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। बता दें कि मिजोरम में बीते दो सप्ताह से आए दिन भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, मिजोरम में शुक्रवार दोपहर 14 बजकर 35 मिनट पर भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.6 मापी गई है।

### सिंधिया ने कांग्रेस पर किया है जबरदस्त प्रहार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भोपाल। शिवराज सरकार के 100 दिन पूरे होने पर भोपाल स्थित बीजेपी ऑफिस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्चुअल रैली के जरिए बीजेपी के कद्दावर नेताओं ने प्रदेश की जनता के सामने अपनी उपलब्धियां गिनाई हैं। इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर जबरदस्त प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे चील मुझे नोचने के लिए बैठे हैं। मैं कांग्रेस में रह कर भी सदा सत्य का साथ दिया हूं। मैंने कांग्रेस में रह कर भी आपातकाल का विरोध किया है।

### पाक में ट्रेन से भिड़ी वैन, 19 सिखों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फरूकाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को एक भयानक ट्रेन हादसा हो गया। यहां एक पैसेंजर ट्रेन श्रद्धालुओं से भरी एक वैन में जा भिड़ी। घटना में कम से कम 19 सिख यात्रियों की मौत हो गई और दर्जन भर यात्री जख्मी हो गए हैं। मौके पर प्रशासन और राहत एवं बचावकर्मियों ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि बिना बैरियर वाली क्रॉसिंग पर यह हादसा हुआ है।

# याद रहे, ऐसी ताकतें मिट गई हैं

## सरहद से प्रधानमंत्री मोदी की चीन को दो टूक

**संवाददाता**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के साथ शुक्रवार को लेह पहुंचे। पीएम मोदी सुबह करीब साढ़े नौ बजे लेह पहुंचे। प्रधानमंत्री नीमू भी गए। यहां उन्होंने थलसेना, वायुसेना एवं आईटीबीपी के कर्मियों से बात की। मोदी ने इस दौरान बिपिन रावत से लद्दाख का पूरा नक्शा भी समझा। पीएम मोदी के आने से जवानों में भी जोश भर गया था। उन्होंने पीएम के सामने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाए।

पीएम मोदी ने गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ संघर्ष में घायल हुए भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार सुबह अचानक लेह पहुंचकर हर किसी को चौंका दिया। चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष में कई भारतीय जवान घायल हो गए थे। पीएम मोदी उनका हाल जानने और हौसला बढ़ाने के लिए भी यहां पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख दौरे के दौरान शुक्रवार को लेह में जवानों को संबोधित भी किया। इस संबोधन में एक तरफ पीएम मोदी ने भारतीय जवानों का उत्साह बढ़ाया, दूसरी तरफ उन्होंने चीन को जमकर सुनाया भी। मोदी ने कहा कि भारतीय जवानों ने दुनिया को अपनी बहादुरी का नमूना दिखा दिया है। लद्दाख में चीनी हरकतों पर तंज सकते हुए मोदी ने कहा कि अब विस्तारवाद का जमाना चला गया है, विकासवाद का वक्त है। मोदी ने चीन को चेताया कि ऐसी ताकतें मिट जाया करती हैं।

**दुश्मनों ने देखा आपका जोश और गुस्साः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि उनकी भुजाएं चट्टान जैसी हैं। इसके बाद पीएम मोदी बोले कि दुश्मनों ने जवानों का जोश और गुस्सा देख लिया है। जवानों की तारीफ में मोदी ने कहा कि आपने जो वीरता हाल ही में दिखाई उससे विश्व में भारत की ताकत को लेकर एक संदेश गया है।



### दो माताओं को सोचकर लेता हूं फैसलेः मोदी

पीएम ने कहा कि जब-जब वह राष्ट्र रक्षा से जुड़े फैसले के बारे में सोचते हैं तो सबसे पहले जो माताओं को याद करते हैं। पहली हमारी भारत माता, दूसरी वे वीर माताएं जिन्होंने सैनिकों को जन्म दिया। इसके बाद पीएम ने कहा कि जवानों के सुरक्षा उपकरणों और हथियारों की हर संभव मदद की कोशिश सरकार कर रही है। उन्होंने कहा भारत के लोग बांसुरी वाले कृष्ण की पूजा करते हैं। वहीं यहां सुदर्शन चक्र धारी कृष्ण को भी आदर्श माना जाता है।

## पीएम मोदी के लेह दौरे से बौखला उठा चीन

पेइचिंग। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चल रहे भारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लेह दौरे से चीन बौखला गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा है कि किसी भी पक्ष को ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे इस मौके पर माहौल और ज्यादा खराब हो जाए। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने कहा कि माहौल को हल्का करने के लिए भारत और चीन संपर्क में हैं। चीन के विदेश मंत्रालय का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अचानक से लेह की यात्रा पर पहुंचे। तनाव के बीच प्रधानमंत्री ने अपने इस दौरे से चीन को यह बता दिया कि वह खुद वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## तीन जिलों में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस अब हारता दिख रहा है। प्रदेश में पहली बार मरीजों का रिकवरी रेट बढ़कर 80.60 फीसद पहुंच गया है। यही नहीं, मरीजों के दोगुने होने की अवधि भी 57.56 दिन हो गई है। हर दिन जितने नए मरीज सामने आ रहे हैं उससे ज्यादा डिस्चार्ज हो रहे हैं। गुरुवार को भी 37 नए मामले आए, तो 88 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए। प्रदेश के तीन जिलों देहरादून, नैनीताल और टिहरी में कोरोना के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) ऋषिकेश में पिछले 24 घंटे में दो लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। पॉजिटिव पाए गए मरीजों में एक एम्स की महिला नर्सिंग ऑफिसर है, जबकि दूसरा कोटद्वार का रहने वाला है। दूसरा मामला पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार का है।

## टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने के लिए 11.25 करोड़ स्वीकृत

■जांच में आएगी तेजी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के निर्देश पर कोविड-19 टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने के लिए कुल 11.25 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इनमें राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी, दून और श्रीनगर के लिए अलग-अलग 3.75 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इस राशि का उपयोग कोविड-19 की टेस्टिंग क्षमता में वृद्धि के लिए आवश्यक मशीन और उपकरणों को खरीदने में किया जा सकेगा।

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। कोरोना संक्रमितों की संख्या तीन हजार तक पहुंचने वाला है। हालांकि, राहत की बात ये है कि स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या में तेजी से सुधार हो सकता है। राज्य में पहली बार मरीजों का रिकवरी रेट बढ़कर 80.60 फीसद पहुंच गया है। यही नहीं, मरीजों के दोगुने होने की अवधि भी 57.56 दिन हो गई है। हर दिन जितने नए मरीज सामने आ रहे हैं उससे ज्यादा डिस्चार्ज हो रहे हैं। अब जब सीएम रावत के निर्देश पर कोरोना संक्रमण से जंग को 11.25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं ऐसे में उम्मीद है कि कोरोना जांच में और तेजी आएगी।

**दून में नियंत्रण में कोरोना संक्रमणः** इधर डीएम डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देहरादून में कोरोना नियंत्रण में है। अभी तक 734 केस आए हैं।

# 15 अगस्त तक भारत में कोरोना वैक्सीन?

## भारत को मिली पहली स्वदेशी वैक्सीन कोवाक्सिन की खोज में सफलता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस वैक्सीन की खोज में भारत को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पूरी तरह से देश में बनी एक वैक्सीन तैयार हो गई है।

15 अगस्त तक देश की पहली स्वदेशी कोविड-19 वैक्सीन लॉन्च करने का लक्ष्य रखते हुए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने भारत बायोटेक के सहयोग से विकसित होने वाली वैक्सीन कोवाक्सिन के ट्रायल में तेजी लाने के लिए कहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने भारत बायोटेक को एक पत्र लिखकर मानव परीक्षण को फास्क ट्रैक मोड पर चलाने के लिए कहा है। आईसीएमआर ने कहा है कि भारत बायोटेक द्वारा कोरोना वैक्सीन के इंसानों पर परीक्षण के परिणाम 15 अगस्त तक जारी किए जा सकते हैं। इसका मतलब है कि देश की पहली स्वदेशी कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन 15 अगस्त तक लॉन्च हो सकती है।

आईसीएमआर ने भारत की अग्रणी वैक्सीन निर्माता कंपनी भारत बायोटेक जिसने कोरोना पर प्रभावी वैक्सीन कोवाक्सिन बना ली है, उसे एक पत्र लिखकर कोविड वैक्सीन की मानव परीक्षण प्रक्रिया को फास्क ट्रैक विधि से पूरा करने के लिए कहा है। आईसीएमआर डीजी बलराम भार्गव ने स्वदेशी कोरोना वैक्सीन की परीक्षण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के लिए भारत बायोटेक और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख जांचकर्ताओं को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में लिखा गया है कि मानव परीक्षण की प्रक्रिया को 15 अगस्त से पहले पूरा किया जाए ताकि 15 अगस्त तक क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम लॉन्च किए जा सकें।

### देश में 12 संस्थानों का ट्रायल के लिए चयन



आईसीएमआर ने देश के पहले स्वदेशी कोविड-19 टीके के इंसानों पर ट्रायल के लिए 12 संस्थानों का चयन किया है। इनमें से एक संस्थान ओडिशा जबकि अन्य विशाखापत्तनम, रोहतक, नई दिल्ली, पटना, बेलगाम, नागपुर, गोरखपुर, कट्टानकुलतुर, हैदराबाद, आर्य नगर, कानपुर और गोवा में स्थित हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## चीन और पाक को भारत का पावर शॉक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान और चीन से आयात नहीं होगा कोई भी पावर इक्विपमेंट

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच तनाव के चलते इन दिनों भारत सरकार ने चीन पर तमाम प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। इसी क्रम में चीन के 59 ऐप भी भारत सरकार ने बैन कर दिए हैं। अब केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा है कि बिना पहले से सरकार की इजाजत लिए पाकिस्तान या चीन से कोई भी पावर इक्विपमेंट आयात नहीं किया जा सकता है। बढ़ते तनाव की वजह से भारत सरकार ने सख्ती का रुख अपना लिया है।

आर के सिंह ने कहा कि आज के समय में हम वो सब कुछ मैन्युफैक्चर करते हैं, जिसकी जरूरत देश में पावर सिस्टम के लिए है। हमारे पास वो सब कुछ मैन्युफैक्चर करने की सुविधा भी है और क्षमता भी है। 2018-19 में हमने 71000 करोड़ रुपये का पावर इक्विपमेंट आयात किया था, जिसमें से 21000 करोड़ का इक्विपमेंट चीन से आया था।